लिये उड़ीसा, बिहार तथा मध्य प्रदेश के खान-क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं ; और

(ग) क्या इन क्षेत्रों की खनिज सम्पत्ति का लाभ उठाने के लिए कोई बड़ी योजना तैयार की गई है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) से (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सदन की मेज पर रख दी जायगी

उड़ीसा में औद्योगिक कारखाने

837. **श्री रबी राय :**
श्री मधु लिमये :

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा राज्य में केन्द्रीय सरकार की सहायता से कितने औद्योगिक कारखाने स्थापित किये गये हैं ;

(ख) 1966-67 में दी गई सहायता का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इनमें से राज्य सरकार द्वारा कितने औद्योगिक कारखानों की स्थापना का कार्य पूरा किया गया और उन कारखानों की संख्या क्या है जिनकी स्थापना का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है ; और

(घ) यदि कोई विलम्ब हुआ है तो उसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास तथा कम्पनी-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और वह यथासमय सदन के पटल पर रख दी जायगी ।

करकेला और तालचेर के बीच रेलवे लाइन

838. **श्री रबी राय :**
श्री मधु लिमये :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या सरकार का विचार करकेला और तालचेर के कोयला क्षेत्र के बीच एक रेलवे लाइन बनाने का है ;

(ख) यदि हां, तो योजना इस समय किस अवस्था में है ; और

(ग) इस योजना की क्रियान्विति में कितना समय लगने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (श्री सी० एम० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता ।

Production of Electric and Diesel-Locomotives

839. **Shri Yashpal Singh:** Will the Minister of Railways be pleased to state:

(a) whether there is a shortfall in the production targets of electric and diesel locomotives;

(b) if so, how much; and

(c) the measures being taken to over-come the shortfall?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha): (a) Yes.

(b) (i) *Production of Diesel Locomotives at Diesel Locomotive Works, Varanasi.*—5 locomotives, the production for the 3rd plan period being 61 against the target of 66 locomotives.

(ii) *Production of AC Electric Locomotives at Chittaranjan Locomotive Works, Chittaranjan.*—11 locomotives, the production for the